## प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**अजमेर** (कासं)। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और रिपोर्टिंग की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से बुधवार को स्वास्थ्य संकुल में डेटा हैंडलिंग स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना रंगा ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर दर्ज किए जाने वाले डेटा की सटीकता और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए समय समय पर ऑपरेटरों को प्रशिक्षित किया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रभावी निगरानी के लिए सही और विश्वसनीय डेटा आवश्यक है। इस उद्देश्य से जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत डेटा हैंडलिंग ऑपरेटरों के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। डॉक्टर रंगा ने बताया कि प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने डेटा एंट्री, संकलन, सत्यापन और रिपोर्टिंग प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान ऑपरेटरों को बताया गया कि वे रोगियों की जानकारी, दवा वितरण, टीकाकरण और अन्य स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़े डेटा को कैसे सही तरीके से दर्ज करें, ताकि रिपोर्टिंग त्रुटि रहित और प्रभावी हो। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ और आईटी टीम के सदस्य भी मौजूद रहे। उन्होंने डाटा एंट्री से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की।

# पांच वर्षीय बच्चे के फेफड़े में फसी एयर गन की गोली

**अजमेर,** (कासं)। संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में शिशु सर्जरी विभाग की डॉ. गरिमा अरोड़ा और उनकी टीम ने पांच वर्षीय बच्चे की जटिलतम सर्जरी कर उसके फेफड़ों में फंसी गोली को बाहर निकाला। ऑपरेशन के बाद बच्चे को आईसीयू में शिफ्ट किया गया है जो पूर्ण स्वस्थ है। बच्चे के दादा द्वारा कुत्ते पर एयरगान से

- **जेएलएन अस्पताल के चिकित्सकों ने चार घंटे चले ऑपरेशन में निकाली गोली**



**ऑपरेशन के बाद आईसीयू में भर्ती बच्चा।**

चलाई गोली पोते के पेट में लग गई थी।

जेएलएन मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया, उपअधीक्षक डॉ. अमित यादव और शिशु सर्जरी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. गरिमा अरोड़ा ने बुधवार को प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि अजमेर निवासी पांच वर्षीय बच्चे को गोली लगने के बाद 25 जनवरी को जेएलएन अस्पताल के आपातकालीन विभाग में लाया गया था, गोली दाहिनी छाती को चीरते हुए पेट में पहुंच गई थी, जिससे फेफड़े में हवा भर गई और सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। पेट में कितने अंग क्षतिग्रस्त हुए थे, यह तुरंत अनुमान लगाना मुश्किल था।

**चिकितसकों ने किया जटिलतम ऑपरेशन:** शिशु सर्जरी विभाग की विभागाध्यक्ष गरिमा अरोड़ा ने बताया कि बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत ऑपरेशन का निर्णय लिया गया। पहले बच्चे की छाती से हवा निकालकर राहत दी गई, फिर सर्जरी के दौरान पता चला कि पेट में खून और पित्त भरा हुआ था। गोली लिवर, पित्त की थैली और छोटी आंत को चीरते हुए शरीर के सबसे महत्वपूर्ण रक्त वाहिका के पास फंसी थी, जिससे निरंतर रक्तस्राव हो रहा था। डॉ. अरोड़ा ने बताया कि सर्जरी में सीएमआरएएम तकनीक से गोली को डुओडेनम के चौथे हिस्से संवेदनशील भाग के पीछे पाया गया। अत्यंत सावधानी से गोली निकाली गई, लिवर से हो रहे रक्तस्राव को रोका गया और क्षतिग्रस्त गॉलब्लेडर को हटाया गया। करीब तीन से चार घंटे की कठिन सर्जरी के बाद बच्चे की जान बचाई गई।

**परदादा ने एयर गन से कुत्ते पर किया था फायर :** प्राप्त जानकारी के अनुसर बच्चे के परदादा ने कुत्तों को भगाने के लिए घर के बाहर एयर गन से फायर किया था। एयर गन से निकला छर्रा दीवार से टकराते हुए पोते के जा लगी थी।

## छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी

**डीडवाना**। नगर के श्री बांगड़ महिला महा विद्यालय के 18वें वार्षिकोत्सव और दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व काबिना मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक यूनुस खान ने यह बात कही खान ने कहा कि सपने देखना अच्छी बात है लेकिन आपका सपना अगर जन कल्याण से जुड़ा हो तो उसको पूरा करने के लिए आपको सबका साथ भी मिल जाता है। आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि 18 सालों में इस महा विद्यालय ने प्रांत को ही नहीं देश को भी अनेक प्रतिभाएं दी और बेटियों के लिए एक ऐसा विकल्प खोल दिया जहां हर सामान्य और गरीब की बेटी भी बेहिचक शिक्षा ठाहण कर सकती है। खान ने कहा कि इस महा विद्यालय के संचालन से जुड़ी टीम की जितनी प्रशंसा की जाए कम है यहां काम कर रहे लोग असामान्य प्रतिभा के धनी है। कार्यक्रम का प्रारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ उसके बाद शंकरलाल परसावत ने स्वागत उद्बोधन दिया, अथितियों के स्वागत के बाद छात्राओं ने राजस्थानी, हरियाणवी, पंजाबी संस्कृति से जुडे लोक नृत्यों, कव्वाली एवं नृत्य नाटिकाओं के माध्यम से विभिन्न विविधता को एक सूत्र में पहनाया है। इस अवसर पर सत्रपर्यन्त होने वाली गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया गया तथा स्नातकोत्तर की उपाधियों का वितरण भी किया गया।

# आराध्य सम्मानित



**बास्केटबॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर होनहार बिटिया आराध्या काबरा को सम्मानित किया**

**मदनगंज-किशनगढ,** (निस)। अजमेर में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समोरह में बास्केटबॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर होनहार बिटिया आराध्या काबरा को सम्मानित किया गया। जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, संभागीय आयुक्त हनुमान सहाय मीणा, कलेक्टर लोकबंधु, पुलिस महानिरिक्षक ओमप्रकाश, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा द्वारा समारोह में मिल कॉलोनी निवासी भाजपा युवा नेता विपिन काबरा की बिटिया आराध्य काबरा को बास्केटबॉल खेल में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।आराध्य के सम्मानित होने पर बिटिया के दादा प्रहलाद चंद काबरा, उद्योगपति जतनलाल चौधरी सहित परिजनों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।

## दिन दहाड़े चोरी

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा उपखण्ड क्षेत्र में चोरों के फिर हुए हौंसले बुलंद चोरों ने दिन दहाड़े एक ही दिन ने दो अलग अलग गांवों में सुने घरों में हाथ साफ कर भागने में कामयाब हुए।


**NAME CHANGE**

I have changed my name from Lokesh Singh Chouhan S/O Narayan Singh to Lokesh Singh S/O Narayan Singh. Address: House No. 37, Prem Nagar, Sendra Road, District : Beawar (Rajasthan)



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप. मुख्य बिजली इंजी. (कारखाना), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिए गए कार्य के लिए दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **(1) निविदा संख्याः EL/50/17/2024-25; कार्य का नाम व स्थानः** (i) Ajmer-Provision of maintenance facilities for NMG coaches at ADLW. (ii) Ajmer-Extension of Wagon repair shop (WRB-II) for augmentation of Berthing capacity for wagons and Provision of centralized store for air brake section in Loco workshop, Ajmer. **(2) अनुमानित लागतः** Rs. 5954702.09; **(3) बयाना राशिः** Rs. 119100.00; **(4) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय, (5) ई–निविदा खोलने की तारीख एवं समय** : 11.02.2025 at 15:00 Hrs. एवं 11.02.2025 at 15:30 Hrs. **(6) वेबसाइट का ब्यौरा, जहां से ई निविदा कि पूर्ण जानकारी प्राप्त कि जा सकती है:** www.ireps.gov.in 132-AN/25

हमें /NWRailways पर फॉलो करें



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कैरिज अजमेर द्वारा खुली ई–निविदा संख्याः कैरिज–02–2025 दिनांक 28.01.2025 आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जायेगा और यदि कोई मैन्युअल टेंडर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। 1. **कार्य का नाम एवं स्थानः** कैरिज वर्कशॉप अजमेर में एक्सल बॉक्स क्लीनिंग प्लांट एम एंड पी 196/22 की एक बार की मरम्मत **2. अनुमानित लागतः** रू 1424260.00/–; **3. टेंडर डॉक्यूमेंट कॉस्टः** रू 0.00/–; **4.बयाना राशिः** रू 28500.00/–; **5. ई–टेंडर फॉर्म जमा करने का समय व तारीखः** दिनांक 19.02.2025 समय 15:00 बजे तक; **6. वेब साइट का विवरणः www.ireps.gov.in; 7. पात्रता मापदंडः** लागु नही है। **नोटः** बयाना राशि केवल IREPS की वेबसाइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे सुविधा द्वारा ऑनलाइन जमा किये जाने है। 129-AN/25

हमें /NWRailways पर फॉलो करें


## जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने का मामला दर्ज

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा उपखंड के निकटवर्ती ठााम किराप में बाल कटवाने गए अनुसूचित जाति के बच्चों के साथ मारपीट कर जातिसूचक शब्दो से अपमानित करे जाने पर मामला दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार राजेश पुत्र मदन लालने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि मेरे भतीजे अमित, वीर प्रत्ताप मेरा भानजा राहुल एवं मेरा पुत्र राजवीर चारो नाबालिग बच्चे ठााम किराप के बस स्टेण्ड पर हैयर कटिंग वाले की दुकान पर कटिंग करवाने हेतु जा रहे थे कि ओमप्रकाश गुर्जर का पुत्र हाथ में लकड़ी लेकर हमारे इन चारो नाबालिग बच्चों के आडे फिर कर रास्ता रोककर कहा कि भंगड़ो यहां पर क्या कर रहे हो कहते हुये बुरी बुरी जाति सूचक शब्दो से एवं मां बहन की गाली गलौच करते हुये बुरी तरह लात घुसो से एवं लकड़ी से बुरी तरह गारपीट करना शुरू कर दिया। इतने में ओमप्रकाश गुर्जर पुत्र भैरू गुर्जर व बलदेव पुत्र हाथीराम गुर्जर अपने साथ अन्य 15-20 व्यक्तियों को साथ में लेकर आये तथा कहां कि भंगडो तुम किराप में क्या कर रहो हो. कहते हुये बुरी तरह मारपीट करने लग गया। जिस पर मेरे पुत्र समीर व मेरा भतीजा आर्यन ने बीच बचाव किया तो इन लोगों ने इनके साथ भी बुरी तरह मारपीट की जिससे मेरे पुत्र समीर के हाथ की अगूंली व अगूंठा का बुरी तरह जख्मी कर दिया एवं राहुल के जांघ के लकडी की मारी जिसकी नील जमी हुई तथा मेरे पुत्र राजबीर ने मेरे को मोबाइल फोन करके उक्त घटना के बारे में बताया तो में उसी समय हाथोहाथ कार लेकर किराप आगा और आकर देखा तो वहां पर ओमप्रकाश का पुन सहित ओमप्रकाश पुत्र भैरू गुर्जर, बलदेव पुत्र हाथी डोई गुर्जर एवं अन्य 15-20 व्यक्ति सभी हमारे बच्चों के साथ बुरी तरह लाती घुसो एवं लकडियों से मारपीट कर थे।

## नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही

**ब्यावर** (निसं) जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एंव वृत्ताधिकारी के निकटतम सुपरविजन में सिटी थानाधिकारी विजयसिंह मीणा एवं पुलिस टीम द्वारा राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के तहत कार्यवाही की जा रही है।गौरतलब है की स्कुलो व भीड-भाड वाले स्थानो पर मनचलो व बदमाश प्रवृत्ति के लोगो पर निगरानी रखते हुए बुलेट चालक किशनपुरा निवासी दीपक राजपूत पुत्र गोपाल सिंह राजपुत को अपनी दुपहिया वाहन बुलेट पर लगे प्रतिबन्धित साईलेंसर से तेज आवाज मे पटाखे की आवाज निकालकर स्कूल के सामने से बार-बार चलाते हुआ पाया गया। पटाखों की तेज़ आवाज़ से स्कूल में पढने वाले बच्चों व आम राहगीरों में भय और परेशानी होने लगी थी।

# दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास से मनाया

**अरांई,** (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा अरांई का वार्षिक सम्मान समान समारोह ओमप्रकाश सारण की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह में पेंशनर जिलाध्यक्ष कश्मीर सिंह, तहसीलदार हरिराम मुख्य अतिथि रहे। समारोह में 75 वर्ष एवं अधिक आयुवर्ग के पेंशनरों तथा भामाशाहों को सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए तहसीलदार हरिराम ने कहा कि पेंशनर समाज के लोग हमारे अभिभावक और गुरू है।

इनका मार्गदर्शन हमें प्रेरित करता है। उन्होंने पेंशनर समाज की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कश्मीर सिंह ने उपशाखा द्वारा करवाए जा रहे कार्यों को सराहा तथा जिला शाखा द्वारा पेंशनर हित में किए जा रहे कार्यों को गिनाया। उन्होंने मुस्कुराहट का महत्व बताकर प्रसन्नचित्त जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पेंशनर नई

- **वरिष्ठ पेंशनरों एवं भामाशाहों को सम्मानित किया**

पीढ़ी को अच्छे संस्कार देकर अपने अनुभवों से बेहतर समाज का निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने संगठित रहने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने बात कही। समारोह को संबोधित करते हुए उपकोषाधिकारी नन्दलाल जांगीड़ ने पेंशन पोर्टल की जानकारी उपलब्ध करवाई। उन्होंने पेंशनरों से मोबाईल नम्बर, जन्मतिथि आदि जानकारियों पोर्टल पर अपडेट करवाने की अपील की। एटीओ जांगड़ ने उपकोषालय संबंधित सहयोग का भरोसा दिलाया। नायब तहसीलदार हिम्मत सिंह ने पेंशनरों द्वारा समाज निर्माण में निभाई जा रही भूमिका को सराहा। समारोह में ठााम पंचायत के प्रशासक एवं निवर्तमान सरपंच रामस्वरूप नायक, जिला शाखा के श्रीप्रकाश वर्मा, केसी गौड़, मातादीन, सुरेश चन्द शर्मा, श्रीनगर उपशाखा अध्यक्ष शंकरसिंह, नसीराबाद उपशाखा अध्यक्ष गजानन्द शर्मा, पुष्कर अध्यक्ष श्रीकान्त पाराशर, सरवाड़ अध्यक्ष रूपचन्द पाण्ड़ेय, कादेड़ा अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जांगीड़, किशनगढ़ अध्यक्ष मिलापचन्द जैन, केकड़ी अध्यक्ष कैलाशचन्द शर्मा, उपशाखा सचिव हनुमान प्रसाद, नसीराबाद महिला मंत्री माया गुप्ता, कामिनी शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। उपशाखा संरक्षक प्रकाशचन्द पारीक ने प्रतिवेदन पेश किया और संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इससे कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। मौके पर पेंशनरों ने अपनी समस्या भी रखी। जिस पर जिलाध्यक्ष ने सक्षम स्तर से निस्तारण करवाने का आश्वासन दिया।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन पुष्कर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

क्रमांकः LU2012/ADA/2024-25/101420 दिनांक- 27/1/2025

**लोक सूचना**

श्रीमती GEETA RATHI पत्नी श्री N.L RATHI जाति BHAMBHI निवासी A-448, PANCHSHEEL, AJMER, ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का पर्यटन ईकाई प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मोतीसर, पीसांगन (अजमेर) | GEETA RATHI | 790 | 3500 | 0.35 |
| | | | | कुल | 0.35 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकान पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 27/1/2025 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी, जोन पुष्कर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर


## पेंशनर्स एसोसिएशन की साधारण सभा संकल्प के साथ संपन्न

**अजमेर,** (कासं)। एलआईसी पेंशनर्स एसोसिएशन की 28वीं साधारण सभा वैशाली नगर एलआईसी कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में संपन्न हुई। सभा के प्रारंभ में कार्यक्रम संयोजक डॉ पीके शर्मा उप प्रधान ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए सभी आगंतुकों का स्वागत किया। सन 2024 में दिवंगत हुए सभी 25 साथियों के नाम संगठन सचिव दिनेश सेठी ने पढ़ कर सुनाए और 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्ष ओपीरे ने अपने स्वागत भाषण में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाओं के अतिरिक्त पेंशनर्स के बकाया मसलों पर चर्चा की। उन्होंने आम बीमा निगम के पेंशनर्स के प्रति हो रहे भेदभाव को समाप्त कर उन्हें समान रूप से पेंशन व फैमिली पेंशन का लाभ देने मांग पर जोर दिया। सरकार की असंवेदनशीलता के प्रति रोष व्यक्त किया और हर संघर्ष के दौरान कर्मचारियों और पेंशनर्स की एकजुटता की प्रशंसा की।

इसके पश्चात महासचिव सुरेश चंद्र शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़कर सुनाया जिसमें 2024 की घटनाओं, गतिविधियों तथा उपलब्धियों का संपूर्ण ब्योरा प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में मानव व श्रमिक वर्ग की असहजता का उल्लेख किया। कोषाध्यक्ष शिखर चंद सेठी ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया जिसे सभी ने एक मत से स्वीकार किया। जिन साथियों ने 2024 में अपने जीवन के 75 वर्ष पूरे कर लिए थे उनका स्मृति चिन्ह व माला द्वारा अभिनंदन किया गया। साथ ही मंडल कार्यालय से पधारे मोहन सतवानी व उमेश उपाध्याय का अभिनंदन किया। संस्था के संरक्षक भगवान स्वरूप शर्मा डी एल त्रिपाठी सहित संस्थापक अध्यक्ष जीएनआर नवल का भी स्वागत व अभिनंदन किया गया। संरक्षक डीएल त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें लगातार प्रयासरत रहना होगा कि देश में भाईचारा और सद्भावना बढ़े। उन्होने संविधान का हर हालत में पालन करने पर जोर दिया। संरक्षक भगवान स्वरूप शर्मा ने कहा कि नीतियों का निर्माण वोटों के आधार पर न होकर सिद्धांतों के आधार पर होना चाहिए।

## सालाना उर्स 31 को

**अजमेर** (कासं)। हजरत बाबा बादाम शाह उवैसी र ह कलंदर का सालाना उर्स आस्ताना सोमलपुर शाही अजमेर में 31 जनवरी 2025 को मनाया जाएगा। गुरु मुनेंद्र दत्त मिश्रा ने जानकारी दी कि उर्स के मौके पर प्रातः 6 बजे गुसल और फातिहा होगी। प्रातः 11:30 बजे मिलाद शरीफ का आयोजन रहेगा। दोपहर 12 बजे बाद भोजन प्रसादी होगी। उसी दिन शाम को 5:30 बजे से चादर पेश की जाएगी। बाबा बादाम शाह की शान में कलाम पेश करते हुए कव्वालों के साथ पूरे शान से उर्स में दूर-दराज सहित नगर व आसपास के कस्बों से आए सैंकड़ों अकीदतमंद महिलाओं और पुरुषों के द्वारा जुलूस के रूप में चादर पेश की जाएगी। रात्रि 8 बजे से भोजन प्रसादी और रात्रि 10 बजे से महफिल होगी व सुबह रंग सलाम के साथ उर्स का समापन होगा।

# अजयमेरू भवन निर्माण यूनियन ने किया प्रदर्शन

**अजमेर,** (कासं)। राज्य सरकार द्वारा अपात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा सूची से बाहर करने के लिए चलाए जा रहे गिवअप अभियान का विरोध शुरू हो गया है। बुधवार को अजयमेरू भवन निर्माण यूनियन ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और राज्य सरकार से इस योजना में संशोधन की मांग की। यूनियन के अध्यक्ष राजकुमार गौरा ने कहा कि इस योजना के तहत खाद्य सुरक्षा सूची से बाहर करने की वार्षिक आय सीमा को एक लाख रुपए से बढ़ाकर 3 लाख रुपए किया जाए ताकि गरीब और जरूरतमंद लोग प्रभावित न हों। गौरा ने बताया कि एक लाख रुपए सालाना आय को इस योजना में शामिल करना तर्क संगत नहीं है। सरकार ने यदि आय सीमा में बदलाव नहीं किया तो मजदूर वर्ग पर सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि सरकार ने योजना में बदलाव नहीं किया तो मजबूरन उन्हें आंदोलनात्मक कदम उठाना पड़ेगा। राज्य सरकार ने 3 दिसंबर 2024 से गिव अप अभियान शुरू किया है, जिसके तहत अपात्र लोगों को 31 जनवरी 2025 तक स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम हटवाने का अवसर दिया गया है। इस अवधि में नाम हटवाने पर किसी भी प्रकार की वसूली या दंड नहीं लगाया जाएगा। लेकिन 31 जनवरी के बाद यदि कोई अपात्र व्यक्ति खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ उठाते हुए पाया जाता है।


**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.**

गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर

टेलीफोन नम्बर - 01462-230051 ई-मेलः- npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक/नपावि./भूमि/2025/5298 **आम सूचना** दिनांकः 29/1/25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | पत्रावली नं. | आवेदक का नाम | योजना/ग्राम का नाम | खसरा सं. | भू.सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 50 | हनुमान प्रसाद/मालूराम धोबी | चारभुजा विहार कॉलोनी चौसला | 4062, 4062/4819 | 19 | 133.33 वर्गगज |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर



**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ज्वाला प्रसाद नगर (सेक्टर-3) योजना के आवासीय आवास संख्या 47 LIG क्षेत्रफल 51 व.मी के आवंटी/अन्तरिति श्री श्रीनाथ महर्षि पुत्र अम्बेनाथ महर्षि निवासी जे.पी नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 12-05-1993 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः श्री/सुश्री/श्रीमती (1) डॉ. रविन्द्र नाथ महर्षि पुत्र स्व. श्रीनाथ महर्षि (2) श्री पारस नाथ महर्षि पुत्र स्व. श्रीनाथ महर्षि (3) उर्मिला महर्षि पुत्री स्व. श्रीनाथ महर्षि पत्नी जेसी कपूर (4) सुनिता शर्मा पुत्री स्व. श्रीनाथ महर्षि व पत्नी गोपेन्द्र नाथ शर्मा (5) श्रुति दक्षिणे पत्नी नमित दव्रिर्ण पौत्री श्रीनाथ महर्षि निवासी अजमेर द्वारा अपने हिस्सेदार श्रीमति कुहू महर्षि पुत्री उपेन्द्र महर्षि निवास, अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 20/11/ 2024 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर


## साइबर ठग पुलिस गिरफ्त में

**अजमेर** (कासं)। साइबर ठगों को किराए के खाते उपलब्ध करवाने वाले इंजीनियरिंग स्टूडेंट सहित चार युवकों को अजमेर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चारों से 4 मोबाइल, 5 एटीएम, सिम कार्ड और एक स्विफ्ट कार बरामद की गई है। अब तक 23 बैंक खातों की जानकारी मिली है, जिसे इन्होंने ठगों को दिया था। चारों कार में घूम-घूमकर निचले तबके के लोगों को झांसे में लेते थे। उन्हें एक खाते के बदले 3 से 4 हजार रुपए देते थे।

- **मास्टरमाइंड सहित चार जने गिरफ्तार**

एसपी वंदिता राणा ने बताया कि 28 जनवरी को मुखबिर और पोर्टल से प्राप्त संदिग्ध नंबरों की सूचना साइबर थाने को मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने सिविल लाइन थाना इलाके के जयपुर रोड पर नाकाबंदी कर एक संदिग्ध कार को रुकवाया था। 4 युवकों से पूछताछ करने पर चारों युवकों ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए फायसागर रोड निवासी गौरी शंकर (25) पुत्र गोपाल, शानू उर्फ रोनी (26) पुत्र बलबंत, पृथ्वी सिंह (24) पुत्र शक्ति सिंह और पीलीखान निवासी पवन सिंह (25) पुत्र गोपाल को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपियों का मास्टरमाइंड पृथ्वी है। पृथ्वी इंजीनियरिंग कर रहा था।

एसपी ने बताया- पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने कुल 30 खाते साइबर ठगों को देकर साइबर ठगी करना कबूल किया है। करीब 30 लाख रुपए आमजन से ठगने की बात सामने आई है। इसके अलावा आरोपियों की ओर से उपयोग में लिए गए बैंक खातों में लाखों रुपए गलत तरीके से हेराफेरी करना सामने आया है। गिरोह में कई लोग शामिल हैं, जिनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी अन्य आरोपियों को चिन्हित किया जा चुका है, उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

गिरोह एक चैन के रूप में काम करता है। यह सबसे निचले लोगों से 3 से 5 हजार के कमीशन का झांसा देकर बैंक अकाउंट मय लिंक सिम कार्ड लेता है। इसके बाद जो लोग चैन के बीच में है, वह लाखों रुपए के कमीशन पर आगे भेज देते हैं। जांच में सामने आया कि सेविंग, करंट, कोऑपरेटिव तीन टाइप के अलग-अलग बैंक अकाउंट है, जिनकी अलग-अलग लिमिट होती है। कुछ अकाउंट में लाखों-करोड़ों रुपए की ट्रांजेक्शन लिमिट होती है, जिन्हें फ्रॉड में इस्तेमाल किया जाता है। अभी तक 23 बैंक खातों की जानकारी मिली है। जिनमें से कई खाते साइबर ठगी में शामिल थे और वह बैंक खाते फ्रीज करवाए गए हैं। आरोपियों से बैंक से संबंधित एटीएम कार्ड सहित अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। यह सभी अलग-अलग सिटी और जिलों में जाकर बैंक जैसे एसबीआई, यूनियन बैंक, यूको बैंक, सिटीबैंक और अन्य बैंकों में अपने नाम पर भी कम से कम 5 से 6 बैंक खाता खुला चुके हैं। जिनका इस्तेमाल साइबर अपराध और गलत तरीके में किया गया है।

# बाल मेले में भेल पुरी, चाट का लुफ्त उठाया बच्चों ने

**अजमेर** (कासं)।राजस्थान महिला कल्याण मण्डल चाचियावास के द्वारा संचालित मीनू स्कूल के द्वारा 17 वें किलबिल इन्क्लूसिव बाल मेले का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें जिले के करीब 50 स्कूलों के 5 हजार से अधिक दिव्यांग और गैर दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। संस्था की मुख्य कार्यकारी क्षमा आर. कौशिक ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ काम्बले (आई.पी.एस.) ने किलबिल बाल मेले का उद्घाटन किया। शरण काम्बले ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मीनू स्कूल का किलबिल बाल मेला नवाचार ही नहीं बल्कि इन्क्लूसन का महाकुम्भ है।

हम सबकी ये जिम्मेदारी है कि हम दिव्यांग बच्चों को दया कि दृष्टि से ना देखकर समानुभूति के भाव से संवेदनशील होकर सहयोग करें। किलबिल में दिव्यांग एवं गैर दिव्यांग बच्चों ने एक साथ मंच साझा करते हुए नाचते, गाते हुए झूम उठे, चेलेन्जिग चैलेन्जेज गतिविधियों (एक हाथ से शर्ट पहनना, बिना बोले मैसेज कन्वे करना, एक पावं से कंचे उठाना, ऑख बन्द करके दुल्हन का मेकअप करना, आईने में देखकर रास्ता पार करना) के माध्यम से गैर दिव्यांग बच्चों ने दिव्यांग बच्चों के जीवन में आने वाली चुनौतियों को



**मीनू स्कूल के 17 वे बाल मेले का भव्य आयोजन हुआ।**

समझा। किलबिल में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ज्योति ककवानी, पुलिस उप अधीक्षक रामचन्द्र चौधरी आदि ने शिरकत कर चैलेन्जिगं चैलेन्जेज गतिविधियों में स्वयं भाग लेकर बच्चों व स्टाफ का उत्साह बढ़ाया। मेले में लगी पानी पुरी, भेल पुरी, चाट, पेस्टी, पेटीज, केक, चाय-कॉफी आदि स्टाल पर बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी जमकर खरददारी की और विभिन्न व्यंजनों का लुफ्त उठाया। साथ ही कई प्रकार की रोमांचक, आकर्षक एवं उत्साहवर्धक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लिया। कौशिक ने कहा कि 'किलबिल' में न केवल अजमेर बल्कि आस-पास के जिलों की विभिन्न शिक्षण संस्थाएं, प्रमुख समाज सेवी संगठन, सरकारी विभागों के अधिकारीगण, जन प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्त्ता, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि, उत्साही युवा एवं जागरूक नागरिक शामिल हुए। समाजसेवी सुनिल दत्त जैन, राकेश भट्ट, अमित भट्ट, श्रुति भट्ट, सर्वेश्वर शास्त्री, सोमरत्न आर्य, कैलाश सिंह रावत, प्रेमसिंह रावत, किशनपाल सिंह, सुनिल कुमार, भारती श्रीवास्तव, सोमेन्द्र सारडीवाल, जगमोहन गौड़, निक्की तुन्दवाल, डॉ कुलदीप शर्मा, डॉ गायत्री दरगर, अतुल पाटनी, मधु पाटनी, शिव चौधरी, पुजा गुप्ता, डॉ. गौरव गुप्ता, सुनील सवलानी, प्रणव मालू, दिव्यम जैन, हरि राम कुमार, भव्य जैन, अम्बिका हेडा, मंजू जाजू, डॉ. मंजुला मिश्रा, डॉ. प्रीति सोनी, डॉ. निहाल चन्द जैन. घेवरचन्द, कोमल आलवानी, राजीव मिश्रा, अनुज कुमार नागौरी, प्रमोद कुमार, डॉ. आर. के. गुप्ता, हरेन्द्र सिंह, मनीष गोयल, जीनेश सोगानी, मुकेश गुप्ता, गौरव तंवर आदि ने किलबिल में शिरकत कर सहयोग किया। रेफल ड्रा के माध्यम से बच्चों को लेपटॉप, एल,ई.डी. टी.वी., स्मार्ट फोन व 500 सांत्वना पुरस्कार भी जीते। लॉयन्स क्लब, रोटरी क्लब, आस्था वूमेन्स चेरीटेबल ट्रस्ट, मारवाड़ी युवा मंच, यंग इण्डिया ग्रुप, फ्लाईंग बर्ड्स सोसाइटी, आचार्य विद्यासागर फाउण्डेशन, रोजियन्स डवलपर्स, श्याम कृपा जोइन्ट वेन्चर, मानव तस्करी विरोधि ईकाई आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया एवं सहयोग किया।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, मेड़ता सिटी (नागौर)**

टेलीफोन नं0 01590-220012 ई-मेल -npmetracity@gmail-com

क्रमांक- न.पा.मे./4402 दिनांक-29-01-2025

**लोक सूचना**

नगरपालिका मेड़ता सिटी द्वारा निम्न आवेदक की इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| पत्रावली संख्या | जिले व तहसील का नाम | आवेदक का नाम व पता | ग्राम का नाम व खसरा नं. | क्षेत्रफल (हेक्टेयर) | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 103765/2024-25 | नागौर तहसील मेड़ता | गोपीकिशन, विठ्ठलप्रसाद पिसरान श्री गंगाप्रसाद जातियान माहेश्वरी निवासी मेड़ता सिटी तहसील मेड़ता जिला नागौर | मेड़ता के खसरा नं. 1180, 1183 | रकबा 0.1600 हैक्टेयर, 0.9000 हैक्टेयर कुल रकबा 1.0600 हैक्टेयर | आवासीय प्रयोजनार्थ |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है, और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज ___ को जारी की गयी है।

प्राधिकृत एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मेड़ता सिटी



**कार्यालय नगर निगम, भीलवाड़ा (राज.)**

क्रमांक-ननिभी.राजस्व/2024/15552 दिनांक- 28/01/2025

**आम सूचना**

श्री बंशी लाल पिता श्री धनराज पटवा निवासी भीलवाड़ा को नगर पालिका भीलवाड़ा द्वारा अधिकार पत्र संख्या 804 मिसल संख्या 58/1959-60 दिनांक 03.09.1960 भूखण्ड संख्या 23 साईज 40'×65' वर्गफिट का वापी अधिकार पत्र जारी किया गया था। श्री बंशी लाल पिता श्री धनराज पटवा ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजिकृत वसियत पत्र श्री गोविन्द राज पटवा पिता श्री बंशी लाल पटवा व श्रीमती कमला देवी पटवा पत्नी श्री गोविन्द राज पटवा के नाम दिनांक 05.01.2012 के हक अधिकार में प्राप्त हुई। श्री बंशी लाल पिता श्री धनराज पटवा की मृत्यु दिनांक 17.01.2013 को हो जाने से वसियत अनुसार उक्त भूखण्ड श्री गोविन्द राज पटवा पुत्र श्री बंशी लाल पटवा व श्रीमती कमला देवी पटवा पत्नी श्री गोविन्द राज पटवा के हक अधिकार में प्राप्त हुई। श्री गोविन्द राज पटवा पुत्र श्री बंशी लाल पटवा व श्रीमती कमला देवी पटवा पत्नी श्री गोविन्द राज पटवा ने नगर निगम में ऑनलाईन आवेदन के साथ शपथ पत्र, पंजिकृत वसियत पत्र, एवं अन्य दस्तावेजों की फोटोप्रति अपलोड कर उपरोक्त भूखण्ड संख्या 23 साईज 40'×65' वर्गफिट के नामान्तरण हेतु निवेदन किया है। जिस पर स्वायत्त शासन विभाग की अधिसूचना क्रमांक- प.8 (ग) (1) नियम/डी.एल.बी./20/39126 दिनांक 15/01/2020 अनुसार भूखण्ड का नामान्तरण किया जाना है। अतः समस्त आम खास को सूचित किया जाता है कि पंजिकृत व सेयत पत्र के आधार पर उपरोक्त भूखण्ड संख्या 23 साईज 40'×65' वर्गफिट को श्री गोविन्द राज पटवा पुत्र श्री बंशी लाल पटवा व श्रीमती कमला देवी पटवा पत्नी श्री गोविन्द राज पटना के पक्ष में नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस के भीतर इस कार्यालय में लिखित प्रमाणित दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत करें। समय अवधि के बाद नामान्तरण की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। प्रभारी अधिकारी (राजस्व) नगर निगम, भीलवाड़ा